दिन– गुरूवार दिनांक– 25/07/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. आम बजट में बिहार में रेलवे की आधारभूत संरचना के विकास के लिए दस हजार तैंतीस करोड़ रूपये का प्रावधान।

02. विधानसभा में बिहार लोक परीक्षा अनुचित साधन निवारण विधेयक पारित। परीक्षाओं में गड़बड़ी पर दस साल तक की जेल और एक करोड़ रूपये तक का होगा जुर्माना।

03. नेपाल के काठमांडू स्थित त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरने के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हुए विमान में बिहार के तीन लोगों की मौत।

04. और, भारत आज से पेरिस ओलिम्पिक में अपने अभियान की शुरुआत करेगा। खेलों का औपचारिक उद्‌घाटन कल।

---

आम बजट में बिहार में रेलवे की आधारभूत संरचना के विकास के लिए दस हजार तैंतीस करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक संवाददाता सम्मेलन में ये जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यूपीए सरकार की तुलना में यह राशि नौ गुना अधिक है। श्री वैष्णव ने बताया कि बिहार में अभी उनासी हजार तीन सौ छप्पन करोड़ रूपये की परियोजनाएं चल रही हैं। साथ ही अमृत भारत रेलवे स्टेशन के तहत बानवे स्टेशन का पुनर्विकास किया जा रहा है। श्री वैष्णव ने बताया कि बिहार में रेल विद्युतीकरण का काम शत प्रतिशत पूरा कर लिया गया है।

–––बाईट–––

संवाददाता सम्मेलन में दानापुर मंडल के डीआरएम जयंत कुमार चौधरी ने बताया कि दीनदयाल उपाध्याय से झाझा के बीच तीसरी और चौथी रेल लाइन का निर्माण किया जाएगा। इस पर सोलह हजार करोड़ रूपये की लागत आयेगी। उन्होंने बताया कि यह बिहार के इतिहास में सबसे बड़ी रेल परियोजना होगी। श्री चौधरी ने कहा कि बख्तियारपुर से तिलैया के बीच दो हजार चार सौ करोड़ रूपये की लागत से एनर्जी कॉरिडोर का विकास किया जाएगा। वहीं, भभुआ से दिलदार नगर के बीच आठ सौ करोड़ रूपये की लागत से नई रेल लाइन बनेगी। पटना में हार्डिंग पार्क की जमीन पर पैंसेजर टर्मिनल का निर्माण होगा, जहां पांच प्लेटफार्म होंगे। श्री चौधरी ने बताया

कि नेऊरा से दनियावां के बीच मार्च महीने से ट्रेन परिचालन शुरू हो जाएगा। उन्होंने बताया कि इस साल के अंत तक या अगले वर्ष की शुरूआत में पटना से दिल्ली के बीच स्लीपर वंदे भारत ट्रेन की शुरूआत कर दी जाएगी।

---

केन्द्रीय बजट दो हजार चौबीस–पच्चीस में शिक्षा संबंधी प्रावधानों की बिहार के उच्च शिक्षण संस्थानों के प्रमुखों ने सराहना की है। आकाशवाणी समाचार से बातचीत में राजगीर स्थित नालंदा विश्वविद्यालय के अंतरिम कुलपति प्रोफेसर अभय कुमार सिंह ने कहा कि यह बजट नालंदा विश्वविद्यालय की विरासत को पुनर्स्थापित करने के प्रयासों को मजबूती देगा। उन्होंने नालंदा विश्वविद्यालय और राजगीर के विकास के साथ साथ गया में पर्यटन गलियारे के लिए बजट में आवंटन किये जाने पर प्रसन्नता जताई। कुलपति ने कहा कि यह आवंटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उस दृष्टिकोण का प्रतिबिंब है जिसका उल्लेख उन्होंने नालंदा विश्वविद्यालय के नए परिसर के उद्घाटन संबोधन में किया था।

–––बाईट–––

पटना विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर अजय कुमार सिंह ने कहा कि छात्र और युवा केंद्रित बजट घोषणाएं रोजगार क्षेत्र के लिए उत्प्रेरक का काम करेंगी।

–––बाईट–––

---

बिहार विधानसभा ने प्रश्नपत्र लीक होने और सरकारी प्रतियोगी परीक्षाओं में अनियमितताओं पर अंकुश लगाने के लिए एक विधेयक पारित किया है। बिहार लोक परीक्षा अनुचित साधन निवारण विधेयक में तीन से दस वर्षों तक का कारावास और गंभीर मामलों में एक करोड रूपये तक के जुर्माने का प्रावधान रखा गया है। इसमें पेपर लीक मामले के सभी आरोपों को संज्ञेय अपराध बनाया गया है।

–––बाईट–––

बिहार में हाल में नीट यूजी प्रवेश परीक्षा, शिक्षक भर्ती परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक और गड़बड़ियों के मामले सामने आने के बाद नया कानून बनाने के मकसद से बिहार लोक परीक्षा विधेयक लाया गया है। विधेयक के दायरे में राज्य सरकार द्वारा आयोजित होने वाली सभी प्रतियोगिता परीक्षा और प्रवेश परीक्षाएं शामिल की गयी हैं। परीक्षा आयोजित करने वाली स्वायत्तशासी संस्थाओं और परीक्षा निकायों और राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित सभी संस्थाओं को बिहार लोक परीक्षा अनुचित साधन निवारण विधेयक के अंतर्गत लाया गया है। धर्मेन्द्र कुमार राय आकाशवाणी समाचार पटना।

---

बिहार विधान परिषद ने कल तीन विधेयकों को पारित कर दिया। इनमें बिहार नगर पालिका संशोधन विधेयक– दो हजार चौबीस, बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग संशोधन विधेयक दो हजार चौबीस और बिहार विद्यालय परीक्षा समिति संशोधन विधेयक दो हजार चौबीस शामिल हैं। ये विधेयक विधानसभा में पहले ही पारित हो चुके हैं।

---

जदयू के विधान पार्षद प्रो. रामवचन राय विधान परिषद के उप सभापति पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। सभापति अवधेश नारायण सिंह ने प्रो. राय के निर्विरोध निर्वाचन की घोषणा की।

---

केन्द्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि राष्ट्रीय पात्रता प्रवेश परीक्षा– नीट को बंद करने और राज्यवार प्रवेश परीक्षाओं को बहाल करने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। शिक्षा राज्य मंत्री डॉ. सुकांत मजूमदार ने राज्यसभा में एक लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जून में आयोजित यूजीसी की राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा – नेट रद्द कर दी गई थी। अब यह परीक्षा इक्कीस अगस्त से चार सितंबर के बीच होगी।

---

पटना स्थित सीबीआई की विशेष अदालत ने नीट–यूजी कथित पेपर लीक मामले में धनबाद से गिरफ्तार एक आरोपी अविनाश कुमार की रिमांड अवधि तीस जुलाई तक बढ़ा दी है। जांच एजेंसी ने अदालत के समक्ष उसकी रिमांड अवधि बढ़ाने का आवेदन दिया था।

---

नेपाल के काठमांडू स्थित त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरने के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हुए विमान में बिहार के तीन लोगों की मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार विमान हादसे में पश्चिम चंपारण जिले के रामनगर निवासी मनुराज शर्मा, उनकी पत्नी और चार वर्षीय बेटी की मौत हो गयी। मनुराज शर्मा पेशे से एयरलाईन्स इंजीनियर थे। इस हादसे में कुल अठारह लोगों की मौत हुयी है।

---

भारत आज से पेरिस ओलिम्पिक दो हजार चौबीस में अपने अभियान की शुरुआत करेगा। ओलिम्पिक खेलों का उद्घाटन समारोह कल होगा। और ब्योरे के साथ हैं हमारे संवाददाता——

———बाईट———

भारत की ओर से तीरंदाजी के व्यक्तिगत रैंकिंग राउंड में दीपिका कुमारी, अंकिता भगत, भजन कौर, बी. धीरज, तरुण दीप रॉय और प्रवीण जाधव चुनौती पेश करेंगे। भारतीय दल की नज़र ओलिम्पिक खेलों की तीरंदाजी स्पर्धा में पदक जीतने पर रहेगी। अन्य चरण अट्ठाईस जुलाई से चार अगस्त के बीच होंगे। महिला रैंकिंग राउंड भारतीय समय अनुसार दोपहर एक बजे से जबकि पुरुष रैंकिंग राउंड पांच बजकर पैंतालीस मिनट पर शुरू होगा। भारत ओलिम्पिक खेलों में तीरंदाजी की सभी पांच स्पर्धाओं, पुरुष और महिला दलों की व्यक्तिगत और मिश्रित स्पर्धाओं में चुनौती पेश करेगा। तीरंदाजी में कुल एक सौ अट्ठाईस एथलीटों ने क्वालीफाई किया है जिनमें चौंसठ पुरूष और चौंसठ महिला एथलीट हैं।

———————————————————

प्रवर्तन निदेशलाय की अपीलीय प्राधिकार ने विधान पार्षद राधा चरण सेठ और ब्रॉडसन्स कंपनी के महाप्रबंधक अशोक कुमार गुप्ता की दो संपत्तियों को अंतिम रूप से जब्त करने का आदेश दिया है। इसमें गाजियाबाद स्थित एक निजी विद्यालय अशोक कुमार गुप्ता का है, जबकि मनाली में स्थित एक रिसॉर्ट राधा चरण सेठ के नाम से है। बालू के अवैध खनन से अर्जित की गयी अवैध संपत्ति के मामले में ये कार्रवाई की गयी है।

———————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग ने इक्कीस परीक्षाओं का संशोधित कैलेन्डर जारी किया है। इसके अनुसार सत्तरवीं एकीकृत संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा की प्रारंभिक परीक्षा तीस सितम्बर को होगी। परिणाम पांच से सात नवम्बर के बीच प्रकाशित किया जाएगा। वहीं, मुख्य परीक्षा का आयोजन अगले वर्ष तीन से सात जनवरी के बीच किया जाएगा। उनहत्तरवीं संयुक्त परीक्षा का अंतिम परिणाम इकतीस अगस्त तक प्रकाशित किया जाएगा।

———————————————————

पूरे प्रदेश का मौसम शुष्क बना हुआ है। मानसून के कमजोर होने के कारण बारिश की गतिविधियों में कमी आयी है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना की वैज्ञानिक ने बताया कि अगले अड़तालीस घंटों के दौरान मौसम के रूख में किसी विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। दक्षिण बिहार में कुछ स्थानों पर, जबकि उत्तर बिहार में एक—दो स्थानों पर हल्की बारिश हो सकती है।

———बाईट———

---

गया जिले के शेरघाटी व्यवहार न्यायालय परिसर में अपराधियों ने पेशी के लिए लाये गये हत्या के आरोपी फोटू खान पर फायरिंग की। इस घटना में आरोपी के साथ ही एक पुलिस कर्मी भी घायल हुआ है। पुलिस ने इस मामले में दो लोगों को हिरासत में लिया है। गौरतलब है कि फोटू खान लोजपा–रामविलास के नेता मोहम्मद अनवर खान के बेटे की हत्या के मामले में आरोपी है।

---

गया जिले के बेलागंज थाने में पदस्थापित दारोगा अजीत कुमार सिन्हा, रीना कुमारी और अमित कुमार को निलंबित कर दिया गया है। निलंबित पुलिस पदाधिकारियों पर चंदौती गांव में छापेमारी के दौरान बीस कारतूस बरामद होन की खबर छुपाने का आरोप है।

---

शिवहर की पॉक्सो अदालत ने एक नाबालिग के साथ दुष्कर्म के दोषी उमेश को आजीवन कारावास और एक लाख रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

---

पटना के पीरबहोर थाना क्षेत्र से पुलिस ने दो साईबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से पचपन एटीएम कार्ड बरामद किये गये हैं।

---

मोतिहारी के देवराहा बाबा चौक के पास अपराधियों ने एक सीएसपी संचालक को गोली मारकर आठ लाख रूपये लूट लिये।

---

अखबारों की सुर्खियां.....

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने बिहार विधानमंडल की कार्यवाही से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** की सुर्खी है – विधानसभा में बिहार लोक परीक्षा अनुचित साधन निवारण विधेयक पारित। पेपर लीक पर तीन से दस साल तक की सजा। एक करोड़ रूपये तक का जुर्माना।

**दैनिक जागरण** ने लिखा है – सदन में विपक्ष के हंगामे पर नाराज हुए मुख्यमंत्री ने कहा– आप लोग कुछ सुनना नहीं सिर्फ हंगामा करना चाहते हैं।

**दैनिक भास्कर** ने अपनी विशेष रिपोर्ट में लिखा है – सोनपुर में एक ही परिवार के लोग जाली डिग्री बना रहे। सुबह तक अनपढ, दो हजार दें, शाम तक ग्रेजुएट हो जायेंगे।

**प्रभात खबर** ने सीबीआई के हवाले से लिखा है – पटना के पैंतीस समेत एक सौ पचास छात्रों में बंटा था नीट पेपर।

**राष्ट्रीय सहारा** ने लिखा है – काठमांडू में प्लेन क्रैश, अठारह की मौत।

**आज** अखबार लिखता है – शराब की दो बोतल मिलने पर सात लाख रूपये के जुर्माने से पटना हाई कोर्ट हैरान।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. आम बजट में बिहार में रेलवे की आधारभूत संरचना के विकास के लिए दस हजार तैंतीस करोड़ रूपये का प्रावधान।
02. विधानसभा में बिहार लोक परीक्षा अनुचित साधन निवारण विधेयक पारित। परीक्षाओं में गड़बड़ी पर दस साल तक की जेल और एक करोड़ रूपये तक का होगा जुर्माना।
03. नेपाल के काठमांडू स्थित त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरने के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हुए विमान में बिहार के तीन लोगों की मौत।
04. और, भारत आज से पेरिस ओलिम्पिक में अपने अभियान की शुरुआत करेगा। खेलों का औपचारिक उद्घाटन कल।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।